an>

Title: Need to increase annual cash withdrawal limit from banks for retail traders to Rs. 5 crore per year-laid.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): देश के खुदरा व्यापारियों एवं आढ़तियों की नकदी निकासी की समस्या पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । देश में जो खुदरा व्यापारी हैं जिनका व्यापार सीधे-सीधे छोटे-छोटे किसानों, छोटे कुटीर उद्योगों के उत्पादनकर्ताओं से सीधे-सीधे जुड़ा है ऐसे व्यापारियों की नकद निकासी की सीमा प्रति वर्ष एक करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रूपये करने का कष्ट करें । जब हम क्षेत्र भ्रमण पर जाते हैं तो छोटे-छोटे व्यापारी,आढ़ती और किसान इस समस्या से अवगत कराते हैं । वे अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ होते हैं ।

व्यापारी और किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं । अतः देश की यशस्वी वित्त मंत्री जी से विनम्र आग्रह है कि देश के व्यापारियों और किसान, मजदूर के हित को ध्यान में रखते हुए नकद निकासी की सीमा प्रतिवर्ष एक करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रूपये करने की कृपा करें ।